# विज्ञप्ति

शासनादेश संख्याः–1615/XVIII-B-1/2021-3(2)/2016 दिनांक 30 नवम्बर 2021 तथा शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–2960/XVIII-B-1/2021-3(2)/2016 दिनांक 05 दिसम्बर 2018 के द्वारा जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के संचालन हेतु 01 पद सहायक कंसलटेन्ट एवं जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र अल्मोड़ा के संचालन हेतु 03 सहायक प्रबन्धक/प्रभारी के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर उल्लेखित शर्तो के अधीन नियुक्ति किये जाने के लिये दिनांक 14 फरवरी 2023 की सायं 05:00 बजे तक पंजीकृत डाक/दस्ती से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण पता/दूरभाष/ई–मेल एवं शैक्षिक योग्यता सहित **जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र, नवीन कलेक्ट्रेट परिसर अल्मोड़ा पिन कोड़–263601** के पते पर बन्द लिफाफे में जिस पद हेतु आवेदन किया जा रहा है उस पद का नाम लिखा हो पर प्रेषित करेंगे। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगे। प्राप्त आवेदन पत्रों की गठित चयन समिति द्वारा निरीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु पृथक से सूचित किया जायेगा। उपरोक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रक्रिया एवं मुख्य शर्ते निम्नवत् रहेंगी।

| क्र॰ सं॰ | पद का नाम | अधिकतम वेतन/मानदेय | पद/नियुक्ति का प्रकार | शैक्षिक एवं अन्य अनिवार्य वांछित योग्यतायें | अधिमानी अर्हता | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **सहायक कंसलटेन्ट जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण अल्मोड़ा।** | रू0 20,000/– प्रतिमाह संविदा के आधार पर | 01 पद (संविदा) सामान्य | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि एवं आपदा प्रबन्धन/इमरजेंसी रिस्पांस इन्टर एजेन्सी कॉर्डिनेशन में 03 वर्ष का अनुभव। | 1. कम्प्यूटर संचालन एवं माईक्रो साफ्ट ऑफिस का आधारभूत ज्ञान।<br>2. राज्य/जिला आपदा प्रबन्धन में में कार्य करने का 03 से 05 वर्ष का अनुभव। जिस हेतु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।<br>3. आपदा प्रबन्धन सम्बन्धित कार्यशालायें/प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास का अनुभव।<br>4. आपदा से सम्बन्धित प्रकाशन कार्य का अधारभूत ज्ञान।<br>5. आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में खोज एवं बचाव कार्य का अनुभव तथा उपकरणों की विस्तृत जानकारी रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। | विज्ञापन तिथि से गणना के आधार पर न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम 42 वर्ष होगी तथा उ0राज्य की अ0जा0/अ0ज0 जा0 हेतु आयु में 05 वर्ष की छूट |
| 2 | **सहायक प्रबंधक/प्रभारी जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र अल्मोड़ा।** | 25,000/– प्रतिमाह संविदा के अधार पर | 03 पद (संविदा) 01पद अनुसूचित 02 पद सामान्य | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि एवं आपदा प्रबन्धन/इमरजेंसी रिस्पांस इन्टर एजेन्सी कॉर्डिनेशन में 03 वर्ष का अनुभव तथा पर्वतीय क्षेत्रों में आपदा परिदृश्य एवं आपदा प्रबन्धन तंत्र का व्यवहारिक ज्ञान। | 1. कम्प्यूटर संचालन एंव माईक्रो साफ्ट का आधारभूत ज्ञान।<br>2. राज्य/जिला आपदा प्रबन्धन में कार्य करने का 03 से 05 वर्ष का अनुभव। जिस हेतु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।<br>3. आपदा से सम्बन्धित प्रकाशन कार्य का आधारभूत ज्ञान।<br>4. आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में खोज एवं बचाव कार्य का अनुभव तथा उपकरणों की विस्तृत जानकारी रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीतता दी जायेगी।<br>5. आपदा से सम्बन्धित सूचनाओं के आदान–प्रदान का अनुभव।<br>6. वायरलैस सैट /सैटे लाईट फोन के संचालन का आधारभूत ज्ञान। | विज्ञापन तिथि से गणना के आधार पर न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम 42 वर्ष होगी तथा उ0राज्य की अ0जा0/अ0ज0 जा0 हेतु आयु में 05 वर्ष की छूट। |

1. जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अन्तर्गत पदों पर चयन गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा।
2. संविदा के पदों के सापेक्ष नियुक्त अभ्यर्थी की संविदा अवधि प्रथम वार कुल 364 दिन रखते हुये अनुबन्ध किया जायेगा। संविदा कार्मिकों के कार्यो का परीक्षण के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने पर संविदा कार्मिकों की संविदा अवधि को प्राधिकरण स्तर पर जनपद स्तर पर जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डी0डी0ए0ए0 के अनुमोदन के उपरान्त अधिकतम एक–एक वर्ष कर कुल दो वर्ष जिसमें प्रत्येक वर्ष अनुबन्ध में एक दिन व्यवधान देते हुये संविदा अवधि बढ़ायी जायेगी।
3. संविदा के पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र उप जिला अधिकारी अथवा पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी हो (06 माह से पूराना ना हो) की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करनी होंगी। वांछित प्रमाण पत्र पूर्ण पाये जाने वाले अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु चयनित कर पृथक से सूचित किया जायेगा। साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होगें। भविष्य में किसी भी प्रमाण पत्र के गलत/त्रुटिपूर्ण/फर्जी पाये जाने पर सेवायें समाप्त कर चयनित अभ्यर्थी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेंगी।
4. संविदा के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी का चरित्र, वैवाहिक प्रास्थिति ऐसी होनी चाहिए कि वह राजकीय विभाग में नियुक्ति हेतु सर्वथा उपयुक्त हो।
5. अन्तिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले एवं ई–मेल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।
6. आवेदक को शारीरिक रूप से स्वस्थ्य Fit होना आवश्यक होगा, जिस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
7. सहायक प्रबन्धक/प्रभारी पद हेतु अभ्यर्थी को भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि एवं आपदा प्रबन्धन/इमरजेंसी रिस्पांस इन्टर एजेन्सी कॉर्डिनेशन में 03 वर्ष का अनुभव तथा पर्वतीय क्षेत्रों में आपदा परिदृश्य एवं आपदा प्रबन्धन तंत्र का व्यवहारिक ज्ञान होना अनिवार्य होगा।
8. सहायक कंसलटेन्ट के पद हेतु अभ्यर्थी को भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि एवं आपदा प्रबन्धन/ इमरजेंसी रिस्पांस इन्टर एजेन्सी कॉर्डिनेशन में 03 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य होगा।
9. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी जो अनुबन्ध अवधि अथवा शासन द्वारा उक्त संविदा के पदों पर स्थायी नियुक्ति के समबन्ध में अग्रेत्तर दिशा–निर्देशों के अधीन होगी। भविष्य में आवेदक द्वारा नियमितीकरण की कोई मांग स्वीकार्य नही होगी तथा इस प्रकार के किसी भी आवेदन प्रत्यावेदन प्राप्त होने पर संविदा समाप्त किये जाने पर विचार किया जा सकता है।

प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र का प्रारूप निम्नानुसार निर्धारित किया गया है।

**(संलग्नः– आवेदन पत्र का प्रारूप)**

27/1/23

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जिला सेवायोजन अधिकारी<br>अल्मोड़ा (सदस्य) | पुलिस उपाधीक्षक (संचार)<br>अल्मोड़ा (सदस्य)<br>पुलिस उपाधीक्षक,<br>(पुलिस दूरसंचार)<br>पुलिस संचार विभाग,<br>जनपद-अल्मोड़ा (उतराखण्ड) | मुख्य कोषाधिकारी<br>अल्मोड़ा (सदस्य) | महेन्द्र सिंह लोधी<br>वैज्ञानिक–ई<br>गो0ब0पन्त हि0सं0<br>कोसी कटारमल (सदस्य) | अपर जिला अधिकारी<br>अल्मोड़ा<br>(अध्यक्ष)<br>अपर जिला अधिकारी<br>अल्मोड़ा |

गो. ब. पं. राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान
G. B. Pant 'National Institute of
Himalayan Environment' (NIHE)
कोसी–कटारमल, अल्मोड़ा-263643 उत्तराखण्ड
Kosi-Katarmal, Almora-263643, U.K.

# आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम ............................................................................

2. अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में) ..............................................................
(अंग्रेजी में) ............................................................................

3. पिता / पति का नाम ............................................................................

4. जन्मतिथि (अंकों में)............................................................................
(शब्दों में)............................................................................

5. आरक्षित श्रेणी............................................................................

6. मोबाईल न0 / ई–मेल............................................................................

7. शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल एवं उससे ऊपर का विवरण)..........................................

नवीनतम फोटोग्राफ

| क्र०स० | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | बोर्ड / विश्वविद्यालय / संस्था का नाम | प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

7. कार्य अनुभव का विवरण :–

| संस्था का नाम / पता | पदनाम एवं पद की प्रकृति | कार्य की अवधि दिनांक.............से दिनांक............तक | कुल अवधि | कार्य की प्रकृति | संस्था में जिसके अधीन कार्य किया गया हो, का पदनाम, दूरभाष / ई–मेल, पता विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

8. स्थायी पता ............................................................................

9. पत्राचार का पता ............................................................................

10. कोई अन्य विवरण (यदि कोई हो) ............................................................................
............................................................................
............................................................................

संलग्नकों का विवरणः–

1. शैक्षिक / प्राविधिक योग्यता प्रमाण–पत्र 2. हाईस्कूल प्रमाण–पत्र 3. जाति प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो) 4. मूल निवास प्रमाण पत्र 5. चरित्र प्रमाण पत्र 6. अनुभव प्रमाण–पत्र 7. अन्य प्रमाण पत्र जो अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रस्तुत करना आवश्यक समझें।

मैं ............................................................................ सत्यनिष्ठा पूर्वक घोषणा करता हूँ / करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सूचनाए सही है। यदि इसमें कोई तथ्य असत्य पाया जाय तो मेरा आवेदन रद्द कर दिया जाय अथवा संविदा पर चयन हो जाने की स्थिति में संविदा निरस्त की दी जाय। मैं उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र, जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में सेवा करने को तैयार हूँ।

दिनांकः

स्थानः

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर